Hindi

तूफान बहुत खतरनाक हो सकते हैं।

तूफ़ान के साथ तेज़ हवा, भारी वर्षा, बिज़ली का चमकना तथा ओलो भी पड़ सकते हैं।

भारी वर्षा से क्षणों में प्रसारित होने वाली बाड़ (flash flooding) आ सकती है। जिससे निचले स्तर के क्षेत्र बिना किसी चेतावनी के बाड़ ग्रस्त हो सकते हैं।

आप बाड़ की चेतावनी को ध्यान से सुनिए। ध्यान रखिए कि आपके मित्रों, परिवार तथा पड़ोसियों को चेतावनी के बारें में पता हो।

अगर आप वाहन चला रहें हैं तो वाहन को टैफिक से हटकर सुरक्षित तरीके से रोकिए। वाहन में लगी खतरे की लाइट जलाइयें तथा तूफान के थमने के प्रतिक्षा कीजिए।

अपने वाहन को पेड़ के नीचे **खड़ा मत कीजिए**। तुफान के दौरान पेड़ तथा उसकी शाखायें वाहन के ऊपर गिर सकतीं हैं।

अगर आप बाहर हैं तो कहीं भीतर शरण लीजिए। पेड़ के नीचे शरण **नहीं** लेना।

अपने घर या बगीचे के चारों तरफ सभी अनियंत्रित वस्तुओं को नियंत्रित कर दीजिए।

अगर आप अन्दर हैं तो खिड़िकियों से दूर रहिए।

अपने ABC रेडियो या स्थानीय रेडियो स्टेशन की आपातकालीन चेतावनी तथा सलाह को सुनिए।

अपने घर या व्यापार के लिए आपातकालीन योजना बनाइयें।

अपनी आपातकालीन कीट में ये वस्तुयें रखिए:
- महत्वपूर्ण कागजात (पासपोर्ट/वीज़ा, दवाई के पर्चे)
- बैटरी से चलने वाला रेड़ियो
- प्राथमिक उपचार की कीट
- टॉर्च
- फोटो तथा पहचानपत्र

बाड़ तथा तुफान में आपतकाल सहायता के लिए 132 500 पर फोन कीजिए।

जान का खतरा हो तो 000 पर फोन कीजिए।

अगर आपको जगह छोड़ना पड़े तो अपनी आपातकालीन कीट साथ लेकर जाइए।

बाड़ के पानी में **कभी भी** पैदल, सवार होकर या वाहन चला कर मत जाइए।

बच्चों को **कभी भी** बाड़ के पानी में खेलने नहीं दीजिए। यह पानी गंदा तथा असुरक्षित होता है।

जब तुफान टल जाये तो लोगों को सूचित कर दीजिए कि आप ठीक-ठाक हैं।